तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

10 बगार में दीपावली पर गौरा-गौरी का हुआ...



10 गिधौरी में बाजे-गाजे साथ लक्ष्मी माता...






## खबर संक्षेप

### पलारी में शिव महापुराण कथा होगी आज से



**पलारी।** नगर के शितला मंदिर प्रागंण में शिव महापुराण की कथा का आयोजन 4 से 19 नवम्बर तक रखा गया है। यह आयोजन राम सजीवन, राम प्यारी और योगेंद्र वर्मा के पुण्य स्मृति में सरला वर्मा, अनिल, नमन वर्मा द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें कथावाचक आचार्य राहूल महराज पलारी वाले व्यासपीठ से सुबह 6 से 10 बजे और 3 से बजे से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

### एक्सीडेंट से मौत के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बोईरडीह के पेट्रोल पंप के पास बीते महीने हुए एक्सीडेंट से मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 21 अक्टूबर को मृतक मिलन धुवल पिता आनंद धुवल (22 साल) प्यारीदादर, राजपुर अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 डी 3794 से रात करीब 7.30 बजे चनौरडीह से अपने घर ग्राम प्यारीदादर राजपुर जाने के लिए निकला था और अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर स्वयं के द्वारा ग्राम बोईरडीह मेन रोड पेट्रोल पंप के पास मोड़ में एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से आई चोट के कारण इलाज के दौरान जगदीशपुर अस्पताल मिलन धुबल की मौत हो गई। मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र में वार्ड 6 में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रीना सेन 2 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे घर के पास थी। उसके घर के सामने में छपरी बनाया गया है जिसे निकालने के लिए आरोपी डोमेंद्र रावटे पिता भुखु रावटे, राजकुमार यादव पिता रतिराम यादव, सूरज यादव पिता राजकुमार यादव, लखेश्वर नाग द्वारा कहा गया। जब छपरी निकालने से मनाया गया तो आरोपियों ने एक राय होकर महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने बताया कि वार्ड 6 के डोमेंद्र रावटे ने 2 नवंबर की शाम करीब 6 बजे मोहल्ले के दिलीप सेन से कहा कि घर के सामने जो खुंटा लगा है उसे निकाल दो क्योंकि आने-जाने में परेशानी होता है। लेकिन आरोपी दिलीप सेन एवं रीना सेन ने खुंटा को निकालने से मना करते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया और बीच बचाव करने आए प्रार्थी के मितान लखेश्वर और उनकी बेटी नाव्या नाग के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कार्रवाई : आरोपियों से नकद 66 हजार एवं 52 पत्ती ताश किया गया जब्त

# दिवाली पर ताश पत्ती से धनलक्ष्मी बढ़ाने में जुटे 71 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

बलौदाबाजार सहित कसडोल पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में घेराबंदी जुआ खेलते हुए कुल 71 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है।

दीपावली के मद्देनजर बलौदाबाजार पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत अवैध रूप से जुआ एवं सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई किया गया है।

इसी क्रम में बीते 31 अक्टूबर को कसडोल पुलिस टीम द्वारा रुपये पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने वाले आरोपी जुआरियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया था जानकारी के अनुसार कसडोल पुलिस ने कसडोल थानांतर्गत ग्राम बैगनडबरी से 5 आरोपियों को पकड़ा था सूत्रों की मानें तो पकड़ें गए जुआरियों में स्टेट बैंक कसडोल जैसे संवेदनशील जगह में कैंटीन बॉय का काम करने वाला कर्मचारी भी जुआ जैसे अवैध सामाजिक बुराई जैसे अपराधों में संलिप्त पाया गया था। हालांकि अभी तक बैंक की तरफ से उक्त कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

कसडोल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़ा था जिसमें गजबीर साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, रविशंकर साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, छतराम साहू उम्र 73 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, चंदराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, घासीराम साहू उम्र 73 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल शामिल है।



### विभिन्न थाना क्षेत्र में 24 मामले दर्ज

आरोपियों से नगदी 66,490 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। अभियान में जुआरियों के विरुद्ध थाना कसडोल द्वारा 06, गिधपुरी 04, लवन 04, गिधौरी 04, पलारी 02 एवं थाना हथबंद, सिमगा, भाटापारा शहर, सुहेला द्वारा 01-01 प्रकरण दर्ज किया गया है, अभियान में जुआरियों के विरुद्ध थाना कसडोल द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा छापामार अभियान चलाते हुए विभिन्न थाना क्षेत्र में आरोपी जुआरियों के विरुद्ध कुल 24 प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरुद्ध संबंधित थानों में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

### कार्रवाई की गई

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम बैगनडबरी से दीपावली पर्व पर अवैध कार्यों में संलिप्त 5 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा गया था। जिसमें एक बैंक कर्मचारी भी शामिल था। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया है। आगे भी अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेंगी।

**-सुखेन नायक** सब इंस्पेक्टर, थाना कसडोल

# मटन नहीं देने पर चाकू मरने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरनाला/सारंगढ

बिलाईगढ़ जिले के सरसीवां थाना अंतर्गत पेंड्रावन रोड में चाकू बाजी की घटना को अंजाम देने का आरोपी 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। सरसीवां थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी ने बताया कि, उच्च अधिकारियों के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश मिले हैं। इसके बाद फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित नेतराम केसरिया अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए मिरौनी डैम गए थे। जहां उनके द्वारा मटन सब्जी बनाया गया था। सरसीवां निवासी आरोपी सोनू साहू भी अपने मित्र के साथ पिकनिक स्थल पहुंचा। उसने शराब पीने के लिए मटन की सब्जी की मांग की, मटन की सब्जी नहीं देने ▸▸ शेष पेज 09 पर

### रायपुर रेफर किया गया

आनन– फानन में नेतराम केसरिया को सरसीवां अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सोनू साहू फरार हो गया था, जिसको कड़ी मशक्कत के बाद सरसीवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है वहीं घटना में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जप्त कर लिया गया है।

# लक्ष्मी प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**गोपालपुर।** गांव के पीपल चौक मंडली में लक्ष्मी प्रतिमा के स्थापना किया गया था। विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और रात्रि में झांकी कार्यक्रम होता था जिसका ग्रामीणों ने आनंद उठाया। क्षेत्र के खम्हरिया, भाठा खम्हरिया, धौराभाठा, तेन्दुआ में लक्ष्मी स्थापना किया गया। जिसमें सभी ने मादर झांझ से गाते बजाते विसर्जन किया गया।

## अंचल में मातर की धूम...



**हिरमी रावन।** दिवाली पर्व ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। मोहरा में गोवर्धन पूजा पर गायों की पूजा-अर्चना कर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा कर गायों को खिचड़ी खिलाई गई। रविवार को गांव में मातर महोत्सव व भाई दूज पर्व मनाया गया। इस दौरान गांव के युवाओं द्वारा आतिशबाजी की गई। दिलेश्वर मढ़रिया ने बताया दीपावली का पर्व छत्तीसगढ़िया ग्रामीण परिवेश में इस पर्व का अलग स्वरूप देखने को मिलता है। मातर तिहार में ही दीवाली उत्सव चरम पर रहता है।

# जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर सोनी ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रविवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में 5 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर दीपक सोनी ने जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन एवं विभागीय स्टालों की तैयारी का निरीक्षण करते हुए समय पर सभी तैयारी पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण, लाईट, साउंड, वेरिकेटिंग, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, कलाकारों के ठहरने, भोजन, आवास, पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह, प्रचार–प्रसार तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में वीवीआईपी एंट्री, आमजनों के लिए प्रवेश एवं स्टालों के लिए अवलोकन हेतु रूट निर्धारित करने तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इसके साथ ही कलाकारों के विश्राम, ग्रीन रूम व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।

### भटगांव में भव्य डांस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# डांस स्पर्धा में वसुंधरा ग्रुप बलौदा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

मौली माता चौक क्रिकेट खिलाड़ियों एवं समस्त मोहल्लावासियों मौली माता चौक भटगांव के द्वारा माता लक्ष्मी पूजन उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद द्वय नवीन लीलाधर वैष्णव, ज्योति सारथी एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे रहे। सभी ने कार्यक्रम का शुभारंभ धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजन अर्चन से किया गया।

नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसा संस्कृतिक कार्यक्रम सभी मोहल्ले में प्रत्येक वर्ष होनी चाहिए इससे लोगों का उत्साहवर्धन होते रहता है। तथा लोगों के मन मे सांस्कृतिक चेतना बनी रहती है।



वहीं डांस प्रतियोगिता में एकल नृत्य युगल नृत्य एवं ग्रुप नृत्य में प्रथम इनाम 15000 रुपये, द्वितीय इनाम 7000 रुपये, तृतीय इनाम 5000 रुपये, चतुर्थ ईनाम 3000 रुपये, पंचम 2500 रुपये, षष्टम 1500 रुपये, सप्तम 1000 रुपये का इनाम रखा गया था।

डांस स्पर्धा में प्रथम विजेता वसुंधरा ग्रुप बलौदा, द्वितीय एसके ग्रुप बसना, तृतीय सरारा डांस ग्रुप भटगांव, चतुर्थ मां बम्लेश्वरी ग्रुप महासमुंद, पंचम जीविका एकल नृत्य बसना, षस्टम प्रेमलता ग्रुप निठोरा, सप्तम कुमारी प्रकृति कुर्रे एकल नृत्य रही। कार्यक्रम में विक्रम कुर्रे, रामा हिरवानी, पंकज दुबे, संजीव राजेत्री, राममनोहर गुप्ता, पत्रकार धर्मेंद्र साहू, पत्रकार रामदुलार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज कर्ष, शिव साहू, दिपक साहू, योगेश यादव, अरुण सागर, राकेश कर्ष, प्रज्ञेस साहू, पंकज कर्ष, गुड्डा कर्ष, अरुण यादव, बंटी कर्ष, देव कर्ष, कान्हा साहू, हेमंत यादव, कला कर्ष, मंदाकनी धिवर, गायत्री कर्ष, बबली यादव, रीना साहू, सुषमा राजपूत, पीनी यादव की रही विशेष भूमिका रही।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

### प्रकाश मुनि के आश्रम पर हमला, रासुका लगाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी, छसपा, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने दामाखेड़ा स्थित प्रकाश मुनि के आश्रम पर हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा रासुका लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने प्रकाशमुनि नाम साहेब दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार आश्रम पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि लगातार प्रदेश में हत्या, हमला, डकैती, नशाखोरी, सट्टा, जुआ, वेश्यावृत्ति के कार्य धंधे के रूप में परिणीत हुए हैं, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री संज्ञान लें और प्रकाश मुनि नामसाहेब दामाखेड़ा के आश्रम पर हुए हमले पर कड़ी कार्रवाई के साथ रासुका की कार्रवाई की जाए। मांग करने वालों में जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, महेंद्र कौशिक, बृजबिहारी साहू, गोवर्धन वर्मा, भुवनलाल पटेल, विमल ताम्रकार, अशोक कश्यप, श्यामूराम सेन, जगदम्बिका साहू, हेमसागर पटेल आदि शामिल थे।

### 15 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**छुरा।** क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करी शराब व नशीले पदार्थो के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गरियांबंद निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में अवैध गांजा परिवहन करते मनोज अरारो उम्र 30 वर्ष ग्वालियर मध्य प्रदेश को पकड़ा गया है। जिनके पास से 15 किलो 778 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के विरूध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा, एक स्कूटी को जप्त किया गया हैं।

# मतदान केंद्रों में लगेंगे 266 कंपार्टमेंट, इतनी ही चुनाव सामग्री किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए इस बार 266 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें 13 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए 266 कंपार्टमेंट लगेंगे, वहीं इतनी ही चुनाव सामग्री किट भी लगेगी। सभी मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों को एक-एक एक्स्ट्रा चुनाव सामग्री किट उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर इस किट का इस्तेमाल किया जा सके।

### वोटर बढ़े, इसलिए मतदान केंद्र सहित कंपार्टमेंट-सामग्री किट भी बढ़ी

रायपुर दक्षिण विधानसभा का चुनाव इससे पहले नवंबर-2023 में हुआ था। उस समय मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 59 हजार 948 थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 27 हजार 936 पहुंच गई है। इस तरह क्षेत्र में 10988 नए मतदाता जुड़ चुके हैं, जो उपचुनाव में वोट करेंगे। मतदाताओं की संख्या बढ़ने के कारण मतदान केंद्रों में भी वृद्धि की गई है। पिछले चुनाव में 255 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 2 सहायक मतदान केंद्र शामिल थे। उपचुनाव में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 266 की गई है, जिसमें 11 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान केंद्रों के बढ़ने के कारण कंपार्टमेंट और चुनाव सामग्री किट की संख्या भी बढ़ाई गई है। इस किट में मोमबत्ती, माचिस, स्याही, दस्तावेज से लेकर रबर बैंड, रजिस्टर, मुहर मोम, गम लेई, ब्लेड, सुतली धागा, कार्बन, पेपर, कोरा कागज, धातु की रूल, पेंसिल, बॉल पेन, ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग सहित तमाम सामग्री रहेगी, जिसकी जरूरत मतदान केंद्रों में पड़ती है।

**रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में 13 सहायक सहित 266 मतदान केंद्रों में होगा मतदान**

#### मतदान सामग्री का वितरण सेजबहार स्ट्रांग रूम से

उपचुनाव के लिए मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीन एवं चुनाव सामग्री के साथ मतदान दलों को रवाना करने की व्यवस्था इस बार सेजबहार स्ट्रांग रूम-मतगणना स्थल से की जा रही है। इसके लिए सेजबहार स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर की जा रही हैं।




#### मतदान 13 को, परिणाम 23 को

उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है, जिसके बाद चुनाव मैदान में कुल 30 प्रत्याशी रह गए हैं। मतदान 13 नवंबर को होगा, वहीं मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

#### ईवीएम मशीनों की टेस्टिंग 4-5 को

उपचुनाव के लिए ईवीएम मशीनों का रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया हो चुकी है। अब मशीनों की टेस्टिंग होगी। इसके लिए हैदराबाद से इंजीनियरों की टीम आएगी। यह टीम 4 एवं 5 नवंबर को ईवीएम मशीनों को टेस्ट करेगी। टेस्टिंग में सही पाई गई मशीनों का चुनाव में उपयोग किया जाएगा।

**पर्व : हर सेक्टर में बरसी लक्ष्मी की कृपा**

# नवरात्रि से दीपावली तक राज्य में 12 हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि से लेकर दीपावली तक हर सेक्टर पर जमकर मां लक्ष्मी की कृपा बरसी और 12 हजार करोड़ का कारोबार हुआ। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ का कारोबार हुआ, वहीं आटोमोबाइल्स सेक्टर ने दो हजार करोड़ की कमाई की। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में भी दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से ही होता है। इसके बाद लगातार त्योहार आते हैं। नवरात्रि से लेकर दीवापली तक इस बार प्रदेशभर के बाजार गुलजार रहे और हर सेक्टर में अच्छा कारोबार हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक, हर सेक्टर में बीते साल से 20 से 25 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है।

#### सबसे ज्यादा बिका सोना

सराफा बाजार में धनतेरस से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख के पार हो गई। सबसे ज्यादा पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर खरीदारी हुई। दो हजार करोड़ का कारोबार इन दो दिनों में ही हो गया। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक, त्योहारी सीजन में दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ का कारोबार हुआ है।

**3000** करोड़ का बिका सोना-चांदी

**3000** करोड़ के बिके कपड़े

**2000** करोड़ के बिके वाहन

**2000** करोड़ के बिके मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम

**1000** करोड़ के बिके मकान और प्लाट

**1000** करोड़ का फर्नीचर, बर्तन, मिठाई और पटाखों का कारोबार



#### मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में भी धूम

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में जमकर खरीदारी हुई है। लोगों ने अपनी पसंद के महंगे मोबाइल से लेकर कम कीमत वाले मोबाइल, एलईडी, कंप्यूटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की जमकर खरीदारी की है। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस को मिलाकर 12 से 13 सौ करोड़ का कारोबार हुआ। पूरे त्योहारी सीजन में दीपावली तक दो हजार करोड़ का कारोबार हुआ है। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है।

#### 1000 करोड़ के मकान और प्लाट बिके

रीयल एस्टेट में रायपुर के साथ ही भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में मकान और प्लाट बिके हैं। बिल्डरों के मुताबिक, मकानों से ज्यादा प्लाट बिके हैं। इस सेक्टर में हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। कपड़ा का कारोबार भी अच्छा हुआ है। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, सीजन में करीब तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हुआ है।

#### एक लाख से ज्यादा बिके वाहन

ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में त्योहारी सीजन में करीब एक लाख वाहन बिके हैं। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर ही हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। त्योहारी माह में एक लाख के करीब वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 90 हजार के आसपास दोपहिया वाहन बिके हैं। इनकी कीमत ही हजार करोड़ के करीब है। इसी के साथ दस से 12 हजार कारें और अन्य वाहन बिके हैं। इनकी कीमत हजार करोड़ से ज्यादा है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक, बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार हुआ है।

## चार दिन छुट्टी के बाद सरकारी दफ्तरों में आज से लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लक्ष्मी पूजा, राज्योत्सव के साथ शनिवार और रविवार के अवकाश समेत चार दिन की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार से कलेक्टोरेट, नगर निगम, तहसील सहित अन्य सभी सरकारी दफ्तरों में रौनक लौटेगी। दफ्तरों के खुलते ही लोगों के अटके कामकाज भी गति पकड़ेंगे। हालांकि त्योहार के कारण सप्ताह के पहले दिन दफ्तरों में आम लोगों की भीड़ पहुंचने की संभावना कम है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति भी कम देखने को मिल सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी लगातार 4 दिन की छुट्टी पड़ने के कारण त्योहार मनाने दूसरे जिले या राज्य में रहने वाले अपने सगे-संबंधियों के यहां भी चले जाते हैं, जिनके कल तक वापस नहीं लौटने की स्थिति में मंगलवार से उनके काम पर लौटने की संभावना है। ऐसे में दफ्तरों में भी कामकाज प्रभावित हो सकता है।

- त्योहार के कारण सप्ताह के पहले दिन कम रहेगी भीड़

#### उपचुनाव-राज्योत्सव का असर काम पर

जिला प्रशासन एक ओर जहां रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर राज्योत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इस कारण जिला विभागों के कई अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक की ड्यूटी भी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। ऐसे में दफ्तरों के खुलने के बाद भी कई विभागों में सामान्य दिनों की तरह कामकाज होना मुश्किल होगा। कलेक्टोरेट, जिला पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कई विभाग हैं, जिनके अधिकारियों के साथ कई कर्मचारियों की ड्यूटी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। इस कारण इनमें ज्यादा अधिकारी अपने दफ्तर में ही नहीं बैठ रहे हैं। ऐसे में दफ्तरों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति 4 दिन के बाद दफ्तर खुलने के बाद भी बनी रहने की संभावना है।


## पटाखे फोड़ते लापरवाही से हादसा, 16 झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली के उत्साह भरे माहौल में पटाखे फोड़ने के दौरान लापरवाही की वजह से कुछ लोग चेहरा तक झुलसा बैठे। त्योहार के दो दिन के दौरान डीके अस्पताल की बर्न यूनिट में 16 मरीज इलाज कराने पहुंचे। इनमें से 12 को प्राथमिक उपचार और आवश्यक मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई, वहीं चार को इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा।

- 12 की प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी, 4 भर्ती, कर रहे इलाज

दीपावली पर्व पर पटाखे जलाने के दौरान सावधानी बरतने अपील जारी की गई थी। इसके बावजूद पर्व के उत्साह में लोगों ने लापरवाही बरती और खुद को झुलसा बैठे। डीके अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में ऐसे मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बीते दो दिन में यहां इलाज के लिए 16 मरीजों को भेजा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. दक्षेश साहा ने बताया कि इनमें से 12 मरीज मामूली रूप से झुलसे थे। ज्यादातर लोगों ने



पटाखे से अपना हाथ जला लिया था। इन्हें जरूरत के हिसाब से प्राथमिक उपचार दिया गया और सावधानी बरतने की सलाह देकर छुट्टी दे दी गई। पंद्रह वर्षीय एक बालक को आंबेडकर अस्पताल से रेफर किया गया, जो अनारदाना जलाने के दौरान अपना चेहरा झुलसा लिया था।

#### कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया

परिजनों ने अस्पताल लाने से पहले राहत देने चेहरे पर टूथपेस्ट लगाई थी, जिसकी वजह से उसे इंफेक्शन हो गया था। इसी तरह दो लोगों के हाथों में बम फट गया था और एक शख्स का पेट झुलस गया था, इन मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा है, मगर स्थिति चिंताजनक नहीं है। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में भी काफी संख्या लोग पटाखे से झुलसकर इलाज के लिए पहुंचे, मगर इनमें कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया।

**शिक्षकों ने परिवार के साथ समूह में किया अनोखा प्रदर्शन**

## पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति दूर करने दीप जलाकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने राजधानी में दीपावली के मौके पर अनूठा प्रदर्शन किया। पुरानी सेवा गणना और वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने दीप जलाकर संदेश दिया। एलबी संवर्ग के शिक्षकों का कहना है कि मोदी की गारंटी में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने का जिक्र है, पर वादा अब पूरा नहीं किया गया।

छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में पुरानी सेवा गणना, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति/पदोन्नति और केंद्र के बराबर देय तिथि से महंगाई भत्ता/एरियर्स को लेकर प्रदेश के शिक्षक अलग-अलग चरणों मे आंदोलन कर रहे हैं। दीपावली के अवसर पर प्रदेश के शिक्षकों ने अनूठा प्रदर्शन किया। एक दीप जलाकर शासन और जनमानस को संदेश दिया कि पूर्व सेवा गणना किए बगैर समस्त संविलियन प्राप्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय है।



#### मेहंदी सजाई, रंगोली बनाकर की पूर्व सेवा गणना की मांग

चौक-चौराहे पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही महिला शिक्षकों ने मेहंदी लगाकर पूर्व सेवा गणना करने की मांग की। सुंदर रंगोली में अपनी भावनाओं को उन्होंने रंगबिरंगे रूप में उतारा। प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना की मांग को सरकार व शासन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया।

## ईसाई समुदाय ने कब्र पर मोमबत्ती जलाकर पूर्वजों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैथोलिक ईसाई समुदाय ने शनिवार शाम कब्रिस्तान में एकत्रित होकर अपने पूर्वजों की याद में मोमबत्ती जलाई और उनकी कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पवित्र आत्माओं को धन्यवाद देते हुए उनके अच्छे कामों को याद किया।

आर्च बिशप डॉ. विक्टर हैनरी ठाकुर मुख्य आयोजक के रूप में फादर जॉन जेवियर, फादर मुकर्करा, फादर जोन पूनुर , फादर मणि, फादर टेनिस राज, फादर जोसलिन, फादर रोहित मिंज, धर्म बहनें (सिस्टर्स), प्रचारक व धर्म बिसवासी गणों ने पवित्र मिस्सा बलिदान में हिस्सा लेकर मृतक आत्मा की शांति के विशेष विनती-पूजा की। कब्रों को पहले अच्छी तरह से साफ किया गया। उसके बाद कब्र का रंगरोगन किया गया। कब्र के आसपास पवित्र जल का छिड़काव किया गया। मृतक की पसंद का ख्याल रख कब्रों को खूबसूरत फूलों व मोमबत्ती से सजाया गया।



#### नम आंखों से किया याद

समुदाय ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और नम आंखों से उन्हें याद किया। अखिल भारतीय ईसाई समुदाय अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरविंदर सिंह चड्ढा ने बताया कि पवित्र दिन 2 नवंबर को पूरे विश्व में ईसाई समुदाय के परिवार कब्रस्थान पहुंचकर इस पवित्र पूजन में हिस्सा लेते हुए प्रार्थना की। विशेष विनती प्रार्थना में गुरविंदर सिंह चड्ढा, सचिव निकोलस सिंह, पल्ली सचिव सिलेक्टर एक्का, कमल टांडी, विजय रुण्डा, जार्ज डेनियल वर्गीस, सुनील जोयल, अविनाश नियाल समेत अन्य शामिल हुए।

**बोरियाखुर्द के शाश्वत नगर में 523 परिवारों को राहत**


## छह साल बाद अब मिलेगा ईडब्ल्यूएस आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किराए के मकानों में रहने वाले 523 परिवारों का इंतजार नए साल में खत्म होने वाला है। बोरियाखुर्द के शाश्वत नगर में जिन लोगों ने 6 साल पहले वन और टू-बीएचके स्वतंत्र मकानों की बुकिंग की थी, ऐसे लोगों को मार्च 2025 में मकान का कब्जा देने की तैयारी है। इससे पहले कॉलोनी का निर्माण करने के लिए दो बार एजेंसी बदली गई, तीन बार प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए जिम्मेदारों ने समय दिया, इसके बाद अब नई एजेंसी इसे मार्च में पूरा कर पजेशन देने वाली है।

राजधानी के आउटर इलाके बोरियाखुर्द में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान देने के लिए 2018 में आरडीए ने प्लानिंग की थी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करते करते हुए उसे 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय दिया। काम पूरा करना तो दूर, एजेंसी तय समय में नींव तक नहीं डाल पाई।

लिहाजा रायपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों ने कंपनी का टेंडर रद्द करते हुए नई एजेंसी को काम पूरा करने के लिए अगस्त 2023 में जिम्मेदारी देते हुए उसे भी 18 महीने में काम पूरा करने समय दिया। इसके पहले जिन लोगों ने मकान की बुकिंग कराई। बैंक फाइनेंस के बाद 7 से 9 हजार रुपए महीना बैंक लोन दे रहे हैं। इसके बाद भी स्वतंत्र मकान का सपना पूरा नहीं हो पाया है।




#### मार्च में पूरा करेंगे प्रोजेक्ट

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट को मार्च 2025 में पूरा करने समय दिया है। जिस एजेंसी को पहले काम दिया, उसने निर्माण से इंकार कर दिया। नई एजेंसी काम करके देगी तो मार्च से लोगों को पजेशन दिया जाएगा।

**- अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

#### किराए के मकान से मिलेगी मुक्ति

मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम, अशफाक दानी ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया 12 से 14 हजार होता है। हितग्राही जमालुद्दीन ने बताते हैं कि किराए के मकान से राहत के लिए मकान बुक किया। पहले काम करने वाली एजेंसी ने प्रोजेक्ट को अटकाया, अब नई निर्माण एजेंसी को काम करने के लिए 18 महीने यानी दिसंबर 2024 तक का समय दिया था। इसका अब मार्च 2025 में पजेशन देने का भरोसा दिलाया जा रहा है। इससे किराए के मकान से मुक्ति मिलेगी।

## भूपेश ने सरकार पर साधा निशाना कहा- गोठान समेत सभी योजनाएं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 1 नवंबर बीत गया, लेकिन सरकार की ओर से एक विज्ञापन भी नहीं आया। साथ ही हम आदिवासी नृत्य शुरू करते थे, इस साल उसका अभी तक कुछ पता नहीं है।



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे प्रसिद्धि मिली थी और छत्तीसगढ़ का नाम पूरी दुनिया में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता था, लेकिन गोठान समेत सभी कार्यक्रमों को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कई योजनाएं शुरू की थीं, अब सभी बंद हो गई हैं। वहीं उन्होंने कई मुद्दों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी आज गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। छत्तीसगढ़ में हर साल गोपालक गायों को सोहई बांधते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और खिचड़ी भी खिलाते हैं। इस परंपरा का निर्वहन आज मैंने रायपुर में किया है। मैं मुख्यमंत्री था तो उस समय इसका आयोजन सीएम आवास में किया जाता था। उन्होंने पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, हमने छत्तीसगढ़ में सभी वादों को पूरा किया। चाहे वह लोन माफी की बात हो या फिर सिंचाई की बात हो। हमारी सरकार ने 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदने की बात कही थी, जिसे 2800 रुपए तक किया गया था।

## पूर्व मंत्री सत्यनारायण के सम्मान में 8 को समारोह



**रायपुर।** सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को राजधानी में भव्य समारोह रखा गया है। इसमें सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत देशभर से 100 प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें शिरकत करेंगी। साथ ही समाज के 55 से ज्यादा घटक भी यहां अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। लोकाभिनंदन समारोह से पहले फाउंडेशन द्वारा श्री शर्मा की भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से क्षेत्र के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन (जोन 13) ने लोक अभिनंदन समारोह रखा है।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षा की रोशनी से समाज को करें रोशन

रायपुर। दीपावली त्योहार पर उत्कल समाज द्वारा दीपावली मिलन जुहार भेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर जनता कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता, सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से हो, शिक्षा से भी घर, परिवार और समाज रोशन होता है। मानव जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि रहा है, जो मनुष्य की बुद्धि के विकास के साथ ही सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आगे कहा, ग़रीबी, बेरोजगारी, भेदभाव, उपेक्षा आदि तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्कल समाज आज ईमानदारी के साथ मेहनत और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रहा है। साथ ही साथ राजधानी और प्रदेश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। दीप पर्व के इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर समाज को शिक्षित और संगठित करने का संकल्प लें, जिससे हमारा हर दिन दिवाली और होली हो, समाज हमारा रोशन और रंगीन हो। कार्यक्रम में नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी, रुक्मिणी सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

## प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

**महासमुंद**। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने जानकारी दी की स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के तहत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया है उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में भी समय सारणी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान कर दी गई है। महाविद्यालय द्वारा घोषित आंतरिक मूल्यांकन समय सारणी के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 4 नवंबर से 9 नवंबर तक, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक एवं बी कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संयोजक डॉ. ईपी चेलक एवं सहसंयोजक डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि प्राइवेट विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के अंक मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक में जोड़े जाएंगे। ऐसे में सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा दिलाना सुनिश्चित करें।

**पेज 7 के शेष**

### चाकूबाजी घटना को...

पर वहां वाद- विवाद शुरू हो गया। इस विवाद के बाद आरोपी उस समय तो साथी के साथ वहां से निकल गया और पेंड्रावन रोड में नेतराम केसरिया और उनके साथियों का आने का इंतजार किया। जैसे ही उनके साथी पेंड्रावन रोड पहुंचे तब उनके कार को इशारा देकर रुकवाया और आरोपी ने धारदार चाकू से नेतराम केसरिया के गले पर वार कर उसे घायल कर दिया।

# मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर बनाएंगे आईटी टॉवर, संचालन के लिए एजेंसी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए एक हजार सीटर आईटी टॉवर बनाया जाएगा। इस टॉवर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकेगा।

20 हजार वर्गफीट स्पेस में आईटी इनोवेशन टॉवर का इंफास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। सोमवार को टेंडर खोला जाएगा। वहीं इस प्रोजेक्ट के संचालन के लिए नगर निगम ने एजेंसी तय कर ओपन-वे जीआर टेक्नो एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया है, चयनित एजेंसी 5 साल तक आईटी इनोवेशन टॉवर का संचालन व संधारण कार्य करेगी। नगर निगम द्वारा तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक प्रदेश के नवउद्यमी युवाओं के लिए 1000 सीटर आईटी इनोवेशन टॉवर बनाया जाएगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इंफास्ट्रक्चर तैयार करने निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया, 3 एजेंसियों ने निविदा भरने में रुचि दिखाई। इनमें से 2 कंपनियां रायपुर और एक कंपनी राजनांदगांव की है। सोमवार को इसका टेंडर खोला जाएगा। अनुबंध की शर्त अनुसार पात्र एजेंसी को 3 माह की समयसीमा में इंफास्ट्रक्चर तैयार करना होगा।





### स्थानीय युवाओं मिलेगा स्पेस

प्रदेश ऐसे युवा, जो पढ़-लिखकर तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें हाईस्पीड जॉब के लिए शहर छोड़कर दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। शहर में उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इसके लिए इनोवेशन आईटी टॉवर बनाने की तैयारी है। विदित हो कि नगर निगम द्वारा इससे पूर्व जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर आरंभ नाम से स्टार्टअप एकेडमी की शुरुआत की जा चुकी है।

### तकनीकी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

कलेक्टोरेट परिसर के समीप हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग के ऊपरी तल पर वातानुकूलित व सर्व सुविधायुक्त आईटी टॉवर बनाया जाएगा। इससे नवउद्यमी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने प्लेटफार्म मिलेगा।

**- अबिनाश मिश्रा**
आयुक्त, ननि रायपुर

### समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्य अलंकरण समारोह में होंगे शामिल

# नवा रायपुर में आज से राज्योत्सव की धूम बॉलीवुड के साथ बिखरेगी छत्तीसगढ़िया संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना को लेकर इस साल राज्योत्सव का मुख्य आयोजन 4 से 6 नवंबर तक नवा रायपुर में किया जाएगा। राज्योत्सव का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। शाम 6 बजे से 7.15 बजे तक उद्घाटन समारोह आयोजित है। अंतिम दिन राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

राज्योत्सव कार्यक्रम नवा रायपुर के ग्राउंड में आयोजित है। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रमुख विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। निजी संस्थानों और पीएसयू संस्थानों के लिए भी हैंगर बनाया जाएगा। कृषि और जल संसाधन विभाग की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में विभागों की नई योजनाएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। राज्योत्सव आयोजन स्थल पर शिल्पग्राम, फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। यहां ट्राइबल फूड भी उपलब्ध होंगे और बच्चों के लिए फन पार्क भी बनाया जाएगा, जहां विभिन्न झूले होंगे।

- तीन दिन मचेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, बॉलीवुड के गायक होंगे आकर्षण का केंद्र



### जिलों में 5 को आयोजन

राज्य सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि जिला मुख्यालयों पर 5 नवंबर को एक दिन कार्यक्रम का आयोजित किया जाए। इसमें विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी और स्थानीय कलाकारों की परफार्मेंस होगी। 1 से 6 नवंबर तक जिला मुख्यालयों के सभी सरकारी दफ्तरों में रोशनी की जाएगी। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसदों, विधायक, जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे।

### फिल्म जगत के ये गायक होंगे आकर्षण के केंद्र

राज्योत्सव में फिल्म जगत के विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें सांस्कृतिक संध्या के लिए बॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम होगा। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन और 6 नवंबर की शाम इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

### पवनदीप और अरुणिता का कार्यक्रम 6 को

6 नवंबर को शाम 5 से 6 बजे तक अनुराग स्टार नाइट होगी, जिसमें आर्टिस्ट अनुराग शर्मा प्रस्तुति देंगे। 6 से 7.55 बजे तक राज्य अलंकरण समारोह, 7.55 से 8.15 बजे तक इंडियाज गॉट टैलेंट के आर्टिस्ट मलखंब की प्रस्तुति, रात 8 से 8.45 बजे तक जादू बस्तर आर्टिस्ट सवि श्रीवास्तव प्रस्तुति देंगे। अंत में रात 8.45 से इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन और अरुणिता की परफॉर्मेंस होगी।

### पहले दिन ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से राज्योत्सव की शुरुआत हो रही है। 3 दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की पूरी सूची जारी कर दी गई है। कार्यक्रम में लोक कलाकारों के साथ ही बॉलीवुड के सिंगर शान भी प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन से पूर्व शाम 4.30 से 5 बजे तक 12 लोकनृत्य झलकियां, आर्टिस्ट रिखी क्षत्रिय अपनी प्रस्तुति देंगे। 5 से 5.30 बजे तक आदिवृंदम आर्टिस्ट महेंद्र चौहान और ग्रुप और 5.30 बजे से 6 बजे तक क्षेत्रीय नृत्य, संगीत आर्टिस्ट सुनील सोनी और ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन समारोह के बाद 7.15 से 7.45 तक नाम रामायण आर्टिस्ट विद्या वर्चस्व की प्रस्तुति के बाद शाम 7.45 से बॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता अपनी प्रस्तुति देंगे।

### दूसरे दिन प्लेबैक सिंगर नीति मोहन

5 नवंबर को शाम 5 से 5.30 तक सांस्कृतिक लहरगंगा आर्टिस्ट पुराणिक साहू प्रस्तुति देंगे। 5.30 से 6 बजे तक लोकधुन आर्टिस्ट सुरेंद्र साहू, भोला यादव ग्रुप, 6 से 6.30 तक द मून लाइट रागा, आर्टिस्ट रोहन नायडू और ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। 6.30 से 7.30 बजे तक राज्यपाल की मौजूदगी में मंचीय कार्यक्रम होगा। 7.30 से 8 बजे तक राजेश अवस्थी का गायन, 8 बजे से 8.30 बजे तक लोक गायन आरू साहू की प्रस्तुति और रात 8.30 से प्लेबैक सिंगर नीति मोहन की परफॉर्मेंस होगी।

# सीएम साय बोले- कांग्रेस की नीति और नीयत उनके वादों की तरह ही नकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, झूठ बोलने और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं।



कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होती हैं। पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहां भी होती है, वहां भरोसे का संकट पैदा कर देती है, विश्वास की हत्या करती है। जबकि भाजपा में 'मोदी गारंटी' का मतलब ही होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी है। हमारी भाजपा सरकार ने मात्र 10 महीने में मोदी की गारंटी के अनेक प्रमुख वादों को पूरा किया है। हमने जो कहा, उससे अधिक करने की कोशिश हमेशा की है।

### खड़गेजी ने ठगी को स्वीकारा

खड़गेजी ने कर्नाटक के संदर्भ में उतना ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें वाला बयान देकर कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। खड़गेजी ने कांग्रेस की ठगी को स्वीकार कर वस्तुस्थिति से देशवासियों को अवगत कराया है। खड़गेजी को अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए परिवार विशेष का मोहरा बनने से अब इंकार कर देना चाहिए।

# बस्तर ओलंपिक का आगाज 5 से, डेढ़ लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो और मस्कट का अनावरण किया। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, बस्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और वहां की जनता का शासन से मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 5 नवंबर से 10 दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित वर्चुअल बैठक में बस्तर ओलंपिक की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खिलाड़ियों के रहने, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सा की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### शुभंकर में बस्तर की परंपरागत पहचान

तैयार किए गए प्रतीक चिन्ह के बायीं एव दायीं ओर बस्तर क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त परंपरागत वाद्ययंत्र 'तुरही' को दर्शाया गया है। तुरही बस्तर क्षेत्र के मड़ई-मेलों में देवी-देवताओं के सम्मान में बजाई जाती है। गांव में सभी को सूचना देने भी इसका उपयोग किया जाता है। साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने ओलंपिक खेल विधा तीरंदाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, फुटबॉल एवं वालीबॉल के लघु चिन्ह को दर्शाया गया है। लोगो के नीचे की ओर बस्तर क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय भाषा-बोली 'गोंडी' में 'करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर' स्लोगन लिखा गया है, जिसका हिंदी में अनुवाद 'खेलेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर' होता है।

### 1.65 लाख ने कराया पंजीयन

बस्तर में खेल काफी लोकप्रिय हैं, यही कारण है कि ओलंपिक खेलों के लिए अपेक्षा से अधिक 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है, जो यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र के लोग भी शांति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं।

### वनभैंसा और पहाड़ी मैना बने शुभंकर

शुभंकर (मस्कट) बस्तर ओलंपिक 2024 के शुभंकर में 'वनभैंसा एवं पहाड़ी मैना' को मुख्य रूप से दर्शाया गया है। वनभैंसा राज्य का राजकीय पशु तथा पहाड़ी मैना राजकीय पक्षी है। यह शुभंकर वन्यजीव संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### समितियों का गठन

अधिकारियों ने बताया कि विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर पर आयोजन समितियों का गठन किया जा चुका है। सभी संबंधित विभागों ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। राजधानी से लेकर बस्तर संभाग मुख्यालय, जिला मुख्यालयों तथा विकासखण्डों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि बस्तर क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा इसमें भाग ले सकें।

# कबीरपंथ के उदितमुनि पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलौदाबाजार जिले में स्थित दामाखेड़ा में कबीरपंथ के सर्वोच्च धर्मगुरु प्रकाशमुनि साहेब के पुत्र उदयमुनि पर जानलेवा हमले की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं के दल ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में दामाखेड़ा पहुंचकर गुरु प्रकाशमुनि से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रदेश में शनिवार को कांग्रेस ने जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन में बीती रात कबीर आश्रम दामाखेड़ा पर वंशाचार्य उदितमुनि साहेब पर हमले को शामिल किया है। यह प्रदर्शन बलरामपुर की घटना और कानून व्यवस्था को लेकर किया जा रहा है। भाजपा सरकार में संत समाज व धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं होने का कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दामाखेड़ा की घटना पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा,



घटना अत्यंत ही निंदनीय है। बलौदाबाजार जिले की धरती, सतनाम एवं सत्यनाम कबीरपंथ के आदर्शों के लिए जानी जाती है, जो पूरे देश-विदेश के आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा, दामाखेड़ा आश्रम में उपद्रवियों ने जलता हुआ बम फेंककर अप्रिय घटना कारित करने का प्रयास किया है। शांति के पथ प्रदर्शक संत कबीर के आश्रम पर ये हमला इस बात का सूचक है कि भाजपा राज मे अपराधियों को कानून का जरा भी डर, भय नहीं रहा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### खेलो इंडिया के तहत केंद्र से मिलेगी राशि

# भैंसथान की जमीन पर अब इंडोर स्टेडियम का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

समता कॉलोनी स्थित नगर निगम की भैंसथान में खाली पड़ी जमीन पर सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय में 14 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाया जा रहा है। खेल इंडिया के तहत केंद्र सरकार की ओर से यह राशि निगम को खेल मैदान विकसित करने दी जाएगी। इसके लिए इसी सप्ताह प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसी तरह नगर निगम जोन-1 कमिश्नरी के भनपुरी क्षेत्र में बेस्ट प्राइज के पीछे वाले खाली मैदान पर खिलाड़ियों के लिए खेल स्टेडियम बनाने की योजना है। रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में खेल मैदान की कमी और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने आने वाले दिनों में शहर में सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान विकसित किया जाएगा।

केंद्र सरकार की खेलो इंडिया स्कीम के तहत इसके लिए नगर निगम के आधिपत्य वाली ऐसी जमीन पर खेल मैदान विकसित करने प्रस्ताव मंगाए गए हैं, जिस सरकारी जमीन पर किसी तरह का विवाद न हो। इसके लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की ओर से 10 जोन के कमिश्नरों से जानकारी मंगाई गई।

### नगर निगम को फूटी-कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं, इंडोर गेम्स को मिलेगा बढ़ावा



### खेल स्टेडियम के लिए प्रस्ताव

भैंसथान की जमीन पर खेलो इंडिया के तहत इंडोर खेल स्टेडियम बनाने 14 करोड़ का नया प्रस्ताव केंद्र की गाइडलाइन के हिसाब से बनाया जा रहा है, जिसे केंद्र के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसमें नगर निगम का रत्तीभर भी खर्च नहीं आएगा।

**- राजेश राठौर**, अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बर्मन का सुबेदार पद में हुआ चयन

**गोपालपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा सुबेदार (प्लाटून कमा डर) के



चयनित सूची जारी किया गया था। जिसमें अनुभाग बिलाईगढ़ अन्तर्गत ग्राम धोबनीडीह निवासी शुभम बर्मन के सुबेदार पद में चयन हुआ है। श्री बर्मन बताया कि कड़ी मेहनत कर पढ़ाई पूरी की वे खेल कुद मे रुचि रखने का परिणाम आज देखने को मिला।

### खरोरा में मनाया अन्नकूट उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अन्नकूट उत्सव मनाया गया। इस बार यह शुभ तिथि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर वृक्ष के पत्ते, शाखाएं और पुष्प से सुशोभित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। शाम को उसमें एक दीपक रखकर घर के द्वार पर रखा जाता है, इस गोवर्धन पर लोगों ने गोबर के टीका लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईदूज का पर्व

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय सहित पूरे अंचल में भाईदूज का त्यौहार हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है व इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। भाईदूज के अवसर पर दुर्गुकोंदल अंचल ने निवासरत बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर, उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। पूरे दिन बहनें अपने भाई का पूजन पूर्ण विधि विधान से किया व मुंह मीठा कराया। फिर इसके बाद भाई को नारियल और चावल दिया। इसके बाद भाई की आरती उतारकर उनके भाग्योदय और लंबी उम्र की कामना किया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर भाई बहन के अटूट रिश्ते को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया।

### धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

**बसना।** आज देशभर में भाईदूज या यम द्वितिया का पर्व मनाया गया। इस दिन सौभाग्य योग, शोभन योग, लक्ष्मी नारायण योग समेत कई शुभ योग बनने से इस पर्व का महत्व भी बढ़ गया है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक इस पर्व का बहनें पूरे साल इंतजार करती हैं और भाई को तिलक लगाती हैं। बहनें निर्जला उपवास रहकर भाई की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करती हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को हर वर्ष भाई दूज का पर्व मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 3 नवंबर थी। भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व को यम-द्वितीया भी कहते हैं और इसी त्योहार के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हो जाएगा। भाई दूज के दिन बहनें भाइयों को रोली और अक्षत लगाकर उनकी तरक्की और लंबी उम्र की कामना करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को यमुना माई ने अपने भाई यमराज को घर पर आमंत्रित किया और स्वागत सत्कार टीका लगाया था, तभी से हर वर्ष यम द्वितीया पर्व मनाया जाता है।

**पर्व : विसर्जन यात्रा में किया शौर्य प्रदर्शन, लोगों की रही भीड़**

# बगार में दीपावली पर गौरा-गौरी का हुआ पूजन, निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल



दीपावली पर्व पर कसडोल सहित अंचल के कई गांव में गौरा-गौरी विवाह का आयोजन किया गया। लक्ष्मी पूजा की रात बैगा या ग्राम प्रमुख के घर से गौरा गौरी को गाजा- बाजा के साथ ग्राम के मुख्य चौराहे के चबूतरा में लाया गया। जहां रात भर पारंपरिक गीत गाकर विवाह उत्सव मनाया गया। जिस पर रात भर गौरी गौरा विवाह स्थल पर लोगों की भीड़ रही।

इसी दौरान खूब आतिशबाजी भी हुई। गोवर्धन पूजा के दिन शनिवार को गौरी गौरा का विसर्जन किया गया। इस दौरान लोगों ने काशी से बनी रस्सी का शाट भी लिया। विसर्जन यात्रा में लोग शौर्य का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहें। और देर शाम तक बगार में गौरी गौरा का विसर्जन कर दिया गया।

**बगार में गौरा-गौरी पर विशेष आयोजन:** विकासखंड के समीपस्थ ग्राम बगार में भी गौरा गौरी की विशेष मूर्ति बनाकर गांव में महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा गौरी गौरा की आरती उतार कर गांव की खुशहाली की कामना की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा प्रसाद वितरण कर भ्रमण के पश्चात मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### गौरी- गौरा का पूजन कर किया गया विसर्जन

**बगबुडा।** अंचल के ग्राम धाराशिव, कोहरौद, कैलाशगढ़, खैरा, दातान, लवन ,कोलिहा, मुंडा, अंचल सहित दीपावली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। दीपावली के त्यौहार पर कई गावों गौरी गौरा उत्सव भी मनाया गया। रात में माताएं एवं पुरुष व बच्चों सहित जागरण कर गीत गाते एवं भोलेनाथ एवं माता पार्वती की स्तुति करते किया गया। ग्राम पंचायत बगबुडा में गौरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ की पारम्परिक नृत्य सुवा नृत्य का आनंद भी लिया गया। दीपावली लक्ष्मी पूजा के दिन भगवान शंकर की बाराती जाना और भगवान शंकर एवं माता पार्वती का विवाह सम्पन्न करने का कार्यक्रम हुआ। शनिवार को भ्रमण करते हुए गांव के तालाब में विधि विधान से गौरी गौरा का पूजा पाठ कर विसर्जन किया गया।



## बहनों ने उतारी भाई की आरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



रविवार को पवित्र रिश्तों में विश्वास और सम्मान का पर्व भाईदूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विवाहित बहने दूर दराज से पहूंचकर भाई की कलाई पर मौली बाँधा रोली का टीका लगाकर आरती उतारी और भाई का मुह मिठा कराया।

इस दौरान बहने भाईयों के खुशहाल जीवन और भाई बहन की पवित्र रिश्ता जीवन भर कायम रहे इसके लिए भगवान से प्रार्थना की। भाईयों ने भी बहनों को किमती उपहार भेंटकर किया। उनका मनपसंद भोजन कराया और जीवन भर भाई बहन के पवित्र रिश्ते को निभाने की वचन दीया।

### बहनों ने लगाया दीर्घायु का तिलक...



**खरोरा।** अंचल में धनतेरस, दिपावली, गोवर्धन पूजा सहित भाई दूज का पर्व भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। भाई बहन-भाई के प्यार का प्रतीक भाई दूज बड़े उल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। कर भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदकर उन्हें दिए। दिवाली की रौनक भाई दूज के दिन भी खूब का दिखाई दी। पंडीत चेतन प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि बहन सुबह स्नान कर नये वस्त्र धारण कर सुबह से अपने भाईयों के लिए व्रत रखती है। अक्षत, कुमकुम, रोली, आठदल वाला कमल का फूल लेकर भैया को चौकी में बिठाकर माथे में टीका लगाकर पूजा करती है भाई की लंबी उम्र और कल्याण के साथ व्रत संकल्प लेती है।

### नवमीं व दसवीं की चेक लिस्ट का वितरण शुरू

**महासमुंद।** हाई स्कूल/हायर सेकंडरी द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 के अंकसूची एवं शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 9वीं व 10वीं के चेक लिस्ट का वितरण समन्वय संस्था स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 25 अक्टूबर 2024 से किया जा रहा है। संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/ शिक्षक विद्यालय में आकर अपनी संस्था का अंकसूची व चेक लिस्ट प्राप्त कर सकते हैं।

## जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता निरोगी काया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पांच दिवसीय दिवाली महापर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम दिवस जहां धनतेरस के अवसर पर जमकर खरीदारी के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। महालक्ष्मी पूजन गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज भाई बहन प्रेम के आत्मीय अभिव्यक्ति के साथ महापर्व का समापन हुआ। इस वर्ष की दीपावली जनमानस द्वारा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय भाव के साथ मनाई गई, क्योंकि जनमानस के मन मे यह भावना प्रस्फुटित हो रही थी कि लगभग 500वर्षों के बाद भगवान राम अयोध्या मंदिर मे प्रतिस्थापित होकर अपनी प्रथम दीवाली मना रहें है,लिहाजा चंहुओर उमंग और उल्लास का अतिरिक्त भाव संचारित होता हुआ नजर आया।

- आरोग्य भारती ने धन्वंतरी पूजन से दीपपर्व मनाया

### महिलाओं की भागीदारी व सक्रियता बढ़ी

आरोग्य भारती के अभियान मे भाटापारा में सक्रियता के साथ गतिविधि संचालित हो रही हैं। जिसमें महिलाओं की भागीदारी एवं सक्रियता बड़ी संख्या मे नजर आती है। देव धन्वंतरी पूजन के आयोजन मे भी यह दृश्य परिलक्षित हुआ। गायत्री मंदिर मे हुए आयोजन में बड़ी संख्या मे महिलाओं की भागीदारी रही। पूजन अर्चन तथा उदबोधन की कड़ी के पश्चात आयोजन का समापन प्रसादी वितरण से हुआ। आयोजन को सफल बनाने मे प्रमुख रुप से सुनीता अग्रवाल,सरिता रानी शर्मा, संगीता चौरसिया, मनीषा गट्टानी,संध्या गुप्ता,सीता गुप्ता ,रामकुमार देवांगन आदि की अहम भागीदारी रही।

### आरोग्य भारती द्वारा स्वास्थ्य को प्रथम प्राथमिकता

कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मन का वास होता है। जीवन के सभी पायदानों में स्वास्थ्य की विशेष प्राथमिकता है। लिहाजा इसी सूत्र के आधार पर आरोग्य के लिए निरंतर कार्य करने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुषांगिक संगठन आरोग्य भारती द्वारा दीप महापर्व के उपलक्ष्य मे संपूर्ण पर्व को आरोग्य मे केन्द्रित करते हुए देवताओं के वैद्य देव धन्वंतरी की आराधना के साथ दीपावली महापर्व मनाया गया

## गिधौरी में बाजे-गाजे साथ लक्ष्मी माता की प्रतिमा किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

दिपावली पर्व पर प्रतिवर्षनुसार ग्राम गिधौरी के ज्वार बाजरा मुहल्ला में युवा समिति द्वारा लक्ष्मी माता की प्रतिमा एवं सरस्वती माता ,गणेशजी प्रतिमा स्थापित किया गया था। रविवार को धूमधाम से उडिया बाजे -गाजे के साथ महिलाओं एवं ग्रामीण जन नाचते गाते गिधौरी बस्ती, बस स्टैंड तक भव्य झांकी के साथ वट विश्राम स्थित महानदी त्रिवेणी संगम पहुंचे और लक्ष्मी माता, सरस्वती व गणेश की प्रतिमा विसर्जन किया गया।

इस दौरान भारी संख्या महिलाओं एवं जय मां लक्ष्मी युवा



समिति गिधौरी के सुरेंद्र पटेल, सूरज पटेल, संजय साहू, रामकुमार साहू, किशन बंजारे, तेरस राम पटेल, दिवाकर पटेल, गितेश्वर साहू, आकाश वर्मा, सीताराम केवट, सागर पटेल, अमित साहू, जयप्रकाश यादव, दुलेश साहू, मनोहर यादव, नीलकंठ यादव, किशन पटेल, रवि यादव, सागर यादव, भगव पटेल, रामगोपाल ,सुशील पटेल, गुजुराम पटेल, विजय केवट, कन्हैया पटेल, सावन पटेल, मोनू, माधव पटेल, वीरेन पटेल , आर्यन पटेल, प्रवीण यादव, सुमित साहू, लखन साहू, निलेश प्रजापति, नागेश्वर बंजारे, आदि शामिल थे।

## दीपोत्सव के बाद अब धान की कटाई पकड़ने लगी है जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

क्षेत्र में दिवाली का पर्व मनाने के बाद अब धान की कटाई जोर पकड़ने लगा है। कुछ किसान हाथ से यानी हंसिया से कटाई तो बड़े किसान हार्वेस्टर से कटाई करा रहे है।

ज्ञात हो कि जिन किसानों के पास मवेशी है, वही किसान पैरा के लिए हाथ से कटाई करते है। यदि देखा जाए तो हाथ से धान कटाई कराने में अधिक खर्च आता है। मजदूरी रेट 180 से 200 तक है। जैसे की धान की करपा एकात्रित कर खेत से कोठार में ले जाना। इसके पश्चात थ्रेसर से मिंजाई करवाना पड़ता है, वहीं हार्वेस्टर से कटाई कराने से लागत कम आती है। दिवाली पर्व मनाने के बाद हरुना किस्म के धान में हजार दस, सिल्की, मंजु गोल्ड के अलावा हाईब्रिड धान आदि की कटाई जोरों से चल रही है। सप्ताहभर में बड़े किस्म के धान लाल व सफेद सरना एक हजार एक जमुना संपदा सरना की कटाई शुरू होने की संभावना है। क्षेत्र में दिवाली के समय मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते कुछ जगह हल्की बारिश भी हुई थी। इसके चलते अधिकांश किसानों को धान की कटाई कार्य रोकना पड़ा था। अब दिवाली त्यौहार के बाद फिर कटाई शुरू हो गई है।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम हसुवा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का प्रारम्भ रविवार से हो गया है। कलश यात्रा का शुभारम्भ ऐतिहासिक कीर्तन भजन एवं सुआ नृत्य के साथ भागवत कथा स्थल से माँ सम्लेश्वरी मंदिर होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए छुइया तालाब से जल भरकर कथा स्थल पहुंच कर कथा प्रारंभ हुआ। वहीं यह कार्यक्रम 3 से 11 नवंबर तक आयोजित होगी। जिसमें 3 को कलश यात्रा, कथा प्रारंभ, 7 को समुद्र मंथन, वामन अवतार राम -कृष्ण जन्म , 8 को बाललीला,

- 11 नवंबर तक होगा आयोजन



रासलीला, रुखमणि मंगल, 11 गीतापाठ, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, ब्राम्हणभोज के साथ कथा समापन होगा। वहीं इस कार्यक्रम के कथावाचक आचार्य पंडित डॉ. दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी जांजगीर वाले है। तथा यह कार्यक्रम के आयोजक स्व. झाडूराम साहू के धर्मपत्नी सीरिज बाई साहू एवं सुपुत्र दिलीप कुमार साहू शिक्षक है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 12 बजे एवं शाम 3 बजे से 6 तक होगा।

**रंगोली में अनुपम अदाकारी देखने को मिली, आतिशबाजी से आसमान हुआ रंगीन**

# दीपावली पर्व पर रौशनी से जगमगाया पूरा शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

रौशनी का पर्व व आराध्य श्रीराम चन्द्र के जीवन के कालखण्ड पर आधारित दीपावली वैभवशाली इतिहास का एक अनुपम अध्याय है। दिवाली को शहरवासी धूमधाम से मनाते हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक पटाखे फोड़कर उत्सव का आनंद लेते रहे। रंग बिरंगी लाइटों, दीप से शहर जगमगाता रहा। शहर के कलाकार अपनी रंगोली के कौशल से नगरवासी के मन को मोह लिए नगर में महान जननायक स्व. रतन टाटा व अन्य कई प्रतिष्ठित लोगों को रंगोली की प्रदर्शन में उकेरा गया, जिसे देखने लोग उमड़ते रहे। मंदिरों मे दीपों की सजावट भी एक अद्भुत दृश्य पैदा कर रही थी। बाजार व्यवस्था भी शासन प्रशासन की सुदृढ़ कौशल प्रबंधन से व्यवस्थित रही। पुलिस प्रशासन की मेहनत के कारण सामान्यजन को कोई तकलीफ़ नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया गया।





### गोवर्धन पूजा में गौमाता के संरक्षण का गौसेवकों ने लिया संकल्प

नगर मे गोवर्धन पूजा के दिन गौशाला में गौमाता की आराधना व वंदन कर आरती की गई। आरती के बाद गौमाता के संरक्षण का गौसेवकों ने संकल्प। गौरी गौरा विवाह के आयोजन में बच्चों द्वारा अखाड़ा करतब दिखाया गया। अखाड़े करतब का लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

### दिखा कौशल

दिवाली पर रंगोली में नगरवासियों ने जमकर कौशल दिखाया। रंगोली में भाटापारा नगर के धान व्यवसायी मोनू मल के यहां उनकी बेटी अंजली मल द्वारा मनु भाकर की रंगोली बनाई गई। भाटापारा के प्रतिष्ठित अनाज व्यवसायी गणेश अग्रवाल और श्रीमती शकुंतला अग्रवाल की पुत्रवधू श्रीमती शिवानी अग्रवाल ने बाल राम की आकर्षक रंगोली अपने घर में बनाई, जो प्रभु के अभी ट्रेंडिंग एआई अवतार को ध्यान में रखकर तैयार की गई थी। नगर के सम्मानित लोगों ने जाकर देखा और रंगोली की बारीकियां और सुंदरता की खुले दिल से प्रशंसा की।

